<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक : 01.09.2096 समय : 02.10PM

**प्रधानमंत्री-एससीओ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के 26वें शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी सदस्य देशों से आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित पनाहगाहों के पूरे तंत्र को ध्वस्त करने का आह्वान किया । प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। श्री मोदी ने पश्चिम एशिया सहित विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि युद्ध और संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं हैं तथा सभी विवादों का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से किया जाना चाहिए।

**विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के एक लाख 21 हजार से अधिक विद्यार्थियों के खातों में लैपटॉप खरीदने के लिए 304 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों से संवाद कर उनके अनुभव और भविष्य की योजनाएं भी जानीं।

कार्यक्रम में विभिन्न संभागों से चयनित 10 विद्यार्थियों को लैपटॉप भी वितरित किए गए।

सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज शिवपुरी जिले के दौरे पर रहेंगे। वे शिवपुरी और कोलारस में कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। श्री सिंधिया अमृत भारत रेलवे स्टेशन और पोहरी रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण भी

करेंगे। इसके अलावा स्कूल भवन, स्वास्थ्य केंद्र, सड़क और बिजली से जुड़े कई विकास कार्यों का शुभारंभ करेंगे। कोलारस में उज्जैनी एक्सप्रेस के नए ठहराव का भी शुभारंभ किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में अगले चार दिन भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज उमरिया और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि सतना, रीवा, पन्ना, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, कटनी, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश की चेतावनी है।

वहीं सतना जिले में बारिश के बाद मंदाकिनी, गंगा और सेमरावल नदियों का जलस्तर फिर बढ़ रहा है। सतना सांसद गणेश सिंह ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है।

**टेनिस-यूएस ओपन 2026**

अमरीकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में विश्व वरीयता प्राप्त, एरीना सबलेंका ने न्यूयॉर्क में कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-2, 6-4 से हरा दिया।सबलेंका का अगला मुकाबला रूस की पोलिना इयात्सेन्को से होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- महू स्थित इन्फैंट्री स्कूल ने अपना 78वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल विजय बी नायर ने युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया।
- नर्मदापुरम में बीपीएल श्रेणी की बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण के तहत शासकीय आईटीआई में फैशन डिजाइनिंग,कोपा और स्टेनोग्राफी में प्रवेश दिया गया है

- झाबुआ कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने ओवरस्पीडिंग, मॉडिफाइड व सुपर बाइक चालकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाने और सोशल मीडिया के जरिए निगरानी व् कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए हैं
- मुरैना में कृषि उपज मंडी परिसर में 4 सितंबर को आयोजित बलराम कृषि महोत्सव” के जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअल जुड़कर जिले के किसानों से संवाद करेंगे।
- आगरमालवा के  सरस्वती शिशु मंदिर में आज से शुरू हुई 37वीं तीन दिवसीय क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में मध्यभारत, मालवा, महाकौशल और छत्तीसगढ़ के करीब 350 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

..............................